

वोट डालने जाना है।
अपना फर्ज निभाना है।।

सत्य की उडान

# अलग पहचान

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक



रांची, शुक्रवार 03 मई 2024, वर्ष 10, अंक 119 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया


# भाजपा को लोकसभा चुनाव में उखाड फेंकना है: चंपाई सोरेन

घाटशिला। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अधीन सभी 6 विधानसभा सीटों से भाजपा को उखाड फेंका गया था। एक बार फिर वही ताकत दिखाना है। इस बार लोकसभा चुनाव में भी उसी तरह से भाजपा को जमशेदपुर क्षेत्र से हराना है। यहां से भाजपा को उखाड फेंकना है। इस लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री गुरुवार को घाचशिला में विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।



जमशेदपुर से पार्टी प्रत्याशी समीर मोहंती की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री के अलावा प्रत्याशी समीर मोहंती, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार, झामुमो के केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन समेत झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए। चंपाई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जनता को गुमराह किया है। देश में बेरोजगारी और महंगाई बढी है। ऐसे में आइएनडीआइए गठबंधन ही देश का बेहतर विकास कर सकता है। उन्होंने बूथ कमेटी को मजबूती प्रदान करने के साथ ही कार्यकताओं को जिम्मेवारी पूर्वक काम करने निर्देश भी दिया।

## गजब : वैक्सीन से बीमारी की बात सामने आने पर सर्टिफिकेट से हट गया पीएम मोदी का फोटो?

**नयी दिल्ली** : वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका के एक कबूलनामे के बाद भारत में कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड लेने वाले लोग काफी आशंकित नजर आ रहे हैं. इसी के बाद से वैक्सीन को लेकर हर तरफ चर्चाएं शुरू हो गई हैं.




अचानक यह भी देखा गया है कि वैक्सीन लगवाने वाले लोगों को मिलने वाले सर्टिफिकेट से पीएम नरेंद्र मोदी का फोटो हटा दिया गया है. ऐसे कई सर्टिफिकेट सोशल मीडिया पर वायरल हैं जिनमें देखा जा सकता है कि उनमें बारकोड के बगल लगने वाला पीएम मोदी का फोटो अब नहीं है. इसे भी सोशल मीडिया यूजर्स ने एस्ट्राजेनेका के कबूलनामे से जोड़ा तो स्वास्थ्य मंत्रालय को जवाब देना पड़ा है.

वैक्सीन लगाने की जब शुरुआत हुई थी तब लोगों को दिए जाने वाले डिजिटल या प्रिंटेड सर्टिफिकेट पर पीएम नरेंद्र मोदी की फोटो लगी होती थी. इस पर पीएम मोदी कही बात, 'दवाई भी और कड़ाई भी' लिखी गई थी. उस वक्त भी विपक्षी पार्टियों ने सवाल उठाए थे कि आखिर इस सर्टिफिकेट में पीएम नरेंद्र मोदी के फोटो की क्या जरूरत है. अब अचानक फोटो हटने पर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं.

**क्या है मंत्रालय का जवाब?**

इन चर्चाओं को विराम देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जवाब दिया है. मंत्रालय ने कहा है कि चुनावी आचार संहिता लागू होने की वजह से इन सर्टिफिकेट पर पीएम मोदी की फोटो नहीं लगाई जा रही है. मंत्रालय ने यह भी बताया है कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है जब पीएम मोदी के फोटो को हटाया हो. बताया गया है कि साल 2022 में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान भी पीएम मोदी के फोटो सर्टिफिकेट पर नहीं छापे गए थे.

बता दें कि साल 2021 में सर्टिफिकेट पर पीएम मोदी का फोटो लगाने पर हुए विवाद के बाद यह केस केरल हाई कोर्ट तक पहुंच गया था. याचिकाकर्ताओं ने कहा था कि दूसरे देशों में सर्टिफिकेट पर चुने हुए नेताओं की तस्वीर नहीं लगाई जाती. इस मामले में जस्टिस पी वी कुन्हिकृष्णन ने कहा था, 'हो सकता है उन्हें अपने प्रधानमंत्री पर गर्व न हो लेकिन हमें है.'

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने भरा पर्चा, सीएम ने कहा जनता अब बदलाव चाहती है*

**धनबाद** -धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बुधवार को नामांकन पर्चा दाखिल किया। अनुपमा सिंह पर्चा दाखिल करने के लिए झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, बेरमो विधायक अनूप सिंह के साथ समाहरणालय पहुंच धनबाद उपायुक्त को अपना नॉमिनेशन फाइल सुपुर्द किया।

इसके बाद वह महागठबंधन के सभा मे पहुंची। जहां झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा यदि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो इंडि गठबंधन को जितना ही पडेगा।



धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह ने अपना पर्चा दाखिल करने के बाद झारखण्ड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को रिसीव करने धनबाद के बरवाअड्डा स्थित हवाईअड्डा पहुंची और वहां से सडक मार्ग से गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इंडि गठबंधन की सभा में पहुंची। मंच पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ मंत्री आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, सत्यानंद भोक्ता एवं झारखंड कांग्रेस प्रमुख राजेश ठाकुर भी मौजूद थे।

इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो महागठबंधन को जितना ही पडेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने सिर्फ झूठे वादे किए, आज देश मे बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, जनता अब बदलाव चाहती। लोग एनडीए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे वादों से ऊब चुकी है। इस एनडीए गठबंधन को लोगों से वोट मांगने का अब कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। यह सरकार अपने विरोधियों को झूठे आरोप में जेल में डालने का काम कर रही है। इसलिए अब इस ताना शाह सरकार को उखाड फेंकने के समय आ गया है।

## तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंची दिल्ली पुलिस

**संवाददाता**, नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आइएफएसओ की टीम जांच करने तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय पहुंची। लेकिन वहां उन्हें कोई नहीं मिला।स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस (आइएफएसओ) ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता अस्मा तस्लीम, इंटरनेट मीडिया प्रभारी माने सतीश व इंटरनेट मीडिया संयोजक नवीन को 28 अप्रैल को नोटिस भेजकर उन्हें एक मई की सुबह 10.30 बजे आइएफएसओ के द्वारका स्थित मुख्यालय में उपस्थित होने को कहा था।सभी को अपना-अपना इलेक्ट्रॉनिक गजट जैसे मोबाइल अथवा लैपटॉप लेकर आने को कहा गया था, जिसके जरिये उन्होंने एक्स पर फेक वीडियो पोस्ट किया था। लेकिन बुधवार को जांच में शामिल होने कोई भी दिल्ली नहीं आए।



नोटिस के जवाब में मुख्यमंत्री समेत पार्टी से जुड़े चार अन्य सदस्यों ने पुलिस को पत्र भेजकर जांच में शामिल होने के लिए 15 दिनों की मोहलत मांगी लेकिन पुलिस में कोई मोहलत नहीं दी है। दिल्ली नहीं आने पर पुलिस मुख्यमंत्री को छोड़कर अन्य चारों सदस्यों से पूछताछ करने तेलंगाना पहुंची।फेक वीडियो मामले में पुलिस अब तक आठ राज्यों के 16 लोगों को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस भेज चुकी है। 29 अप्रैल को आईएसएसओ ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश सचिव शिवा शंकर, पार्टी प्रवक्ता अस्मा तस्लीम, इंटरनेट मीडिया प्रभारी माने सतीश व इंटरनेट मीडिया कन्वेनर नवीन को पूछताछ में शामिल होने के लिए नोटिस दिया था। मुख्यमंत्री को हैदराबाद स्थित उनके कर्मचारी व चार अन्य को व्यक्तिगत तौर पर नोटिस सौंपा था।तीसरे चरण के चुनाव के पहले फेक वीडियो के माध्यम से भाजपा को एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का विरोधी साबित करने की कोशिश की गई। फेक वीडियो में शाह को आरक्षण को असंवैधानिक बताते हुए उसे खत्म करने का ऐलान करते हुए दिखाया गया था। जबकि असली वीडियो में शाह एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को बनाए रखने की बात कहते हैं।

इंटरनेट मीडिया पर शाह के फेक वीडियो प्रसारित होने का संज्ञान में आने के बाद गृह मंत्रालय ने 28 अप्रैल को आइएफएसओ को फेक वीडियो मामले में शिकायत दी थी जिसके बाद पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं

**रांची** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन मई को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री तीन मई को चाईबासा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह राजभवन जाने के दौरान रांची में रोड शो भी करेंगे। फिर राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन चार मई को पलामू और लोहरदगा में उनकी चुनावी सभा निर्धारित है।



इस दौरान सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक ना हो, इसको लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है। प्रधानमंत्री का रोड शो जिस रास्ते से गुजरेगा, उसके दोनों तरफ बैरिकेडिंग भी की जा रही है। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे।

## चिरकुंडा स्थित बोरा गोदाम में आग लगने से बोरा जलकर राख

**चिरकुंडा** थाना क्षेत्र के ऊपर बाजार स्थित तरुण दत्ता व गौतम दत्ता के आवास के बगल में.स्थित बोरा गोदाम में बुधवार को आग लग जाने से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया ।वही मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया ।हालांकि आग से किसी तरह की हताहत होनी की कोई खबर नहीं है। वही आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



जानकारी के अनुसार तरुण दत्ता व उसका भाई गौतम दत्ता दोनों खाली प्लास्टिक के बोरे का कारोबार करते है। जिस कारण पूरे घर में बोरे की ढेर लगी हुई है। बुधवार शाम अचानक से आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। घटनास्थल पर प्लास्टिक के बोरा होने के कारण आग की लपटे बढ़ने लगी ।आनन फानन में अग्निशमन विभाग को इसकी जानकारी दी गई।दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया । डीवीसी मैथन और एमपीएल ने अपने अपने दमकल मौके पर भेजा जिसने आग पर काबू पाने का काम किया।इधर दमकल विभाग के भानु प्रताप सिंह ने बताया की अंदर की जो स्थिति थी। वह काफी भयावह थी।अगर भगवान बचाया नहीं होता तो बहुत बडी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सुत्रो से पता चला कि सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने सुसाइड किया, 6 दिन से क्राइम ब्रांच की कस्टडी में था।सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वालों में को हथियार देने के आरोपी अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थापन ने मुंबई पुलिस हेडक्वार्टर के टॉयलेट में चादर से फांसी लगाई।




# स्कूलों को धमकी मामले में दिल्ली पुलिस ने रूस की एजेंसी से किया संपर्क

**संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी देने वाले आरोपित तक पहुंचने के लिए दिल्ली पुलिस ने रूस की एजेंसी से संपर्क किया है। दिल्ली पुलिस ने इंटरपोल के जरिये मेल भेजने वाले का नाम, पता, संपर्क विवरण, वैकल्पिक ईमेल आइडी और संपूर्ण आइडी लोग व आइपी एड्रेस की रूस की एजेंसी राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) से जानकारी मांगी है।बृहस्पतिवार को मामले को लेकर दिल्ली पुलिस में कई स्तर पर बैठकों का दौर चला। सूत्रों के अनुसार अभी तक दिल्ली पुलिस को ईमेल भेजने वाले के बारे में कोई ठोस व सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है।दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि रूस की निजी ईमेल सेवा प्रदाता कंपनी मेल डाट आरयू रूसी कंपनी वीके द्वारा प्रदान की जाने वाली ईमेल सेवा है। साथ ही उसका डोमेन भी इसी कंपनी का है। बुधवार को राजधानी के स्कूलों में ईमेल भेज बम से उड़ाने की धमकी देने वाले संदिग्ध ने इस ई सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करने के बाद ईमेल आईडी "savariim @ mail. ru"बनाई।



कंपनी द्वारा मेल बनाने वाले और उसके आईवी पते आदि की पहचान छिपाने के लिए एक वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का उपयोग किया गया। ऐसे में पुलिस ने रूस की एजेंसी से संपर्क करने के साथ ही निजी ई-मेल सेवा प्रदाता (.ru) से भी संदिग्ध कीदिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि (.ru) पर मेल आइडी बनाने के लिए पहले पंजीकरण करना पड़ता है। पंजीकरण में मेल भेजने वाले संदिग्ध ने अपने विषय में जानकारी दी होगी। इसके बाद ही ईमेल आइडी बनी है। ऐसे में जिस ई-मेल से स्कूलों को धमकी के ई-मेल भेजे गए हैं उसे बनाने वाले के बारे में नाम, पता, संपर्क विवरण, वैकल्पिक ईमेल आइडी और संपूर्ण आइडी लाग मांगा गया है। दिल्ली पुलिस फिलहाल रूसी एजेंसी और कंपनी की तरफ से किसी भी तरह की जानकारी दिए जाने का इंतजार कर रही है।एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने जांच के दौरान पाया है कि दक्षिणी दिल्ली के एक स्कूल को भी 2023 में एक फर्जी धमकी भरा ईमेल मिला था। जहां भेजने वाले ने इसी मेल सेवा mail.ru का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा, वह मामला अभी तक अनसुलझा है। इन धाराओं में दर्ज की गई एफआईआर

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) टीम द्वारा इस मामले में आईपीसी की धारा 505 (2) (वर्गों के बीच शत्रुता, नफरत या द्वेष पैदा करने या बढ़ावा देने वाले बयान), 507 (गुमनाम संचार द्वारा आपराधिक धमकी), और 120 (बी) (आपराधिक साजिश की सजा) और एक के तहत एफआइआर दर्ज की गई है।

अधिकारी ने कहा, सीआई की समर्पित टीम इस पर काम कर रही है। जांच अधिकारी मामले को सुलझाने के लिए इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस और भारतीय साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर सहित अन्य एजेंसियों की भी मदद ले रहे हैं।

अलग पहचान



## लोकसभा निर्वाचन के जागरूकता अभियान का बनें हिस्सा*

**7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन में अवश्य लें भाग**



**राँची।** लोकसभा चुनाव 2024 को लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मना रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान भी चल रहा है।निर्वाचन में हर किसी को बराबर का अधिकार है, हम सभी को इसमें अपना योगदान देने के साथ अपने आस-पास इसके प्रति लोगों को प्रेरित भी करना है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की भागीदारी बढाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक #MainBhiElectionAmbassador सोशल मीडिया कैम्पेन में राज्य के सभी स्कूल/कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लें। इस बीच हर नागरिक मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने और निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ चढकर भाग लिया। ये हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों द्वारा स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #MainBhiElectionAmbassador हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोडकर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेंगें। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे।

ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोडा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## * प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा की जिम्मेदारी 19 IPS व 99 DSP के हवाले, देखें मिनट टू मिनट कार्यक्रम*



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 3 मई शुक्रवार को झारखंड आ रहे है। रांची, सिंहभूम, पलामू और गुमला जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन आने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो होने की संभावना है। जबकि, अन्य जिलों में सिर्फ जनसभा होनी है। पीएम की सुरक्षा में 19 IPS व 99 DY. SP रैंक के अफसरों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**किन-किन जिलों में किस IPS अधिकारी की हुई है तैनाती**

रांची जिला में जगुआर एसपी प्रियदर्शी आलोक, जैप 1 कमांडेंट अजीत पीटर डुंगडुंग, सीआईडी एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, जैप 6 कमांडेंट आनंद प्रकाश, जैप 2 कमांडेंट सरोजनी लकड़ा, एटीएस एसपी ऋषभ कुमार झा की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं गुमला जिले में आईटीएस एसपी अजय कुमार सिन्हा, एसीबी एसपी सहदेव साव, आरिफ एकराम, जैप 3 कमांडेंट अंबर लकड़ा, धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी की तैनाती की गई है। इसके अलावा पलामू में होमगार्ड एसपी अमित कुमार सिंह, वायरलेस एसपी हरविंदर सिंह, रेल धनबाद एसपी मनोज स्वर्गियारी, स्पेशल ब्रांच एसपी शुभांशु जैन की प्रतिनियुक्ति की गई है और चाईबासा में जैप 10 कमांडेंट पीयूष पांडेय, एसीबी एसपी सादिक अनवर रिजवी, एहतेशाम वकारिब, रेल जमशेदपुर एसपी प्रवीण पुष्कर की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी जिलों में अधिकारियों को कार्यक्रम की समाप्ति तक तैनाती का आदेश दिया गया है।

**सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारी को दिए गए कई निर्देश**

पीएम की सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। पीएम के दौरे को लेकर जगह जगह पर रास्ते में बैरिकेडिंग की जा रही है। पीएम की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे। इसको लेकर गुरुवार को विस्थापित भवन धुर्वा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान रांची जोनल आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषभ झा समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**जाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिनट टू मिनट कार्यक्रम**

3 मई 2024

शाम 4:45 बजे – सिंहभूम हैलिपैड

शाम 5:00 बजे – टाटा कॉलेज ग्राउंड

शाम 5:45 बजे – सिंहभूम से रांची

शाम 6:35 बजे – रांची एयरपोर्ट

शाम 6:55 बजे – राजभवन

**4 मई 2024**

9:30 बजे – राजभवन से रांची एयरपोर्ट

9:50 बजे – रांची एयरपोर्ट से पलामू

11:00 बजे – चियांकी एयरपोर्ट

11:45 बजे – पलामू से लोहरदगा

12:45 बजे – लोहरदगा में कार्यक्रम

1:30 बजे – लोहरदगा से रांची

2:00 बजे – रांची से दरभंगा के लिए रवाना

## सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण पर रोक नहीं- के रवि कुमार

**गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने भरा नामांकन पत्र**

**अब तक राज्य में 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त**



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज 5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 5, धनबाद से 8, रांची से 6 और जमशेदपुर से 7 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

## * रांची। जिले के चान्हो के अफिया अंबर ने 12वीं में 86.6% नंबर लाकर स्कूल में टॉप किया।*



**रांची** के कांके स्थित अनीता इंटरमीडिएट कॉलेज, काँके स्कूल की छात्रा आफिया अंबर चान्हो थाना क्षेत्र स्थित चटवल गांव की रहने वाली हैं। अफिया अंबर को साइंस स्ट्रीम में 418 अंक मिले हैं. लेकिन, अफिया अंबर के लिए सफलता की राह इतनी आसान नहीं रही है. मंगलवार को रिजल्ट जारी होने के करीब दो घंटे बाद जब अफिया को स्कूल के टीचर ने स्कूल टॉपर होने की सूचना दी तो उसे यकीन नहीं हुआ। अफिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उसे इतना तो भरोसा था कि रिजल्ट बेहतर होगा, लेकिन, यह नहीं सोचा था कि स्कूल में अव्वल रहेगी। अफिया का सपना डॉक्टर बनने का है। वह कहती हैं, मेरे अब्बू-अम्मी ने कड़ी मेहनत कर हम लोगों की पढ़ाई-लिखाई में कोई कमी नहीं रहने दी। मेरा अरमान है कि मैं उन्हें हर तरह की खुशी देने के काबिल बन सकूं। अफिया के पिता मौलाना मंसूर आलम को जब यह खबर मिली तो खुशी से झूम उठे ।

उन्होंने कहा कि मैं मदरसा के शिक्षक हूं और इसी से परिवार की गाड़ी खींचता हूं। आज बेटी का जो रिजल्ट आया है, उसने मेरे संघर्ष को सुकून दिया है। बिटिया आगे जहां भी और जैसे भी पढ़ना चाहेगी, उसे पढ़ाएंगे।

अफिया अंबर के पिता मदरसा का शिक्षक हैं। अफिया अंबर बताती हैं कि उसके गांव से उसका स्कूल करीब 3 किलोमीटर दूर है। उसने कभी भी स्कूल नहीं छोडा है। हर रोज नियमित स्कूल जाने और लगन से पढ़ाई करने की वजह से उसने कॉलेज भर में सबसे बेहतर स्थान पाया है। वहीं अफिया के पिता बताते हैं कि बेटी को अच्छी शिक्षा देने के लिए वह दिन-रात मेहनत करते थे. बेटी का सपना था पढाई करना तो उसे अच्छी शिक्षा दे रहे थे।

अफिया ने दसवीं में भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाए थे। बावजूद उसने साइंस स्ट्रीम की पढ़ाई करने की ठानी थी। अफिया अंबर बताती हैं कि वह बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। इस वजह से उसने साइंस की पढ़ाई की है. उसने कहा कि जब वह साइंस विषय ले रही थीं तो कई शिक्षकों ने उसे मना भी किया था, लेकिन, खुद के जिद्द और डॉक्टर बनने के सपने की वजह से उसने साइंस की पढ़ाई की।

## राजेश ठाकुर दिल्ली पुलिस को दिया नोटिस का जवाब, कहा- मैं नहीं ऑपरेट करता हैंडल



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नई दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा को अपना जवाब भेज दिया है, जिसमें उन्होंने गृह मंत्री के खिलाफ किए गए पोस्ट को लेकर पूरी तरह से अनभिज्ञता जाहिर की है।अपने जवाब मे उन्होंने बताया कि चुनाव परिणाम आने तक उन्हें दिल्ली आने की फुर्सत नहीं है। चार जून तक का कार्यक्रम पूरी तरह से व्यस्त होने के कारण कहीं आना-जाना संभव नहीं है।

दिल्ली पुलिस की आइएफएसओ शाखा के इंस्पेक्टर नरेश मल्लिक को भेजे जवाब में राजेश ठाकुर ने कहा है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का एक्स हैंडल वे स्वयं ऑपरेट नहीं करते हैं। इस कारण से उन्हें भेजा गया नोटिस तथ्यहीन और गैरकानूनी है।

उन्होंने इसके साथ ही लिखा है कि जो वीडियो शेयर किया गया है, उसके सोर्स को लेकर भी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा है कि वीडियो की जानकारी उन्हें भी तब हुई जब वहज्ञात हो कि गृह मंत्री अमित शाह के एक फेक वीडियो को प्रदेश कांग्रेस के सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स हैंडल से पोस्ट किए जाने के कारण ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने दो मई तक पहुंचने का नोटिस भेजा था।ठाकुर ने अपने जवाब में लिखा है कि उन्होंने यह वीडियो तैयार नहीं किया है और ना ही उन्हें इसे लेकर उन्हें कोई अतिरिक्त जानकारी है।

उन्होंने लिखा है कि चूंकि झारखंड कांग्रेस का ट्वीटर हैंडल वे स्वयं नहीं चलाते हैं, इसलिए यह बात भी बेतुकी है कि उन्होंने खुद यह ट्वीट डाला है। इस कारण से उन्होंने कोई भी इलक्ट्रॉनिक डिवाइस इस्तेमाल किए जाने की जानकारी से साफ इन्कार किया है।

## संजय सेठ की संपत्ति में 5 साल में 60 लाख का इजाफा



**ब्यूरो, रांची।** रांची संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ ने गुरुवार को नामांकन पत्र के साथ दाखिल शपथ पत्र में यह जानकारी दी है कि उनके पास दो करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। पांच साल पहले 2019 के चुनाव में उन्होंने अपनी संपत्ति 1.40 करोड़ रुपये बताई थी।पांच साल में उनकी चल-अचल संपत्ति में 60 लाख रुपये की बढ़ोतरी हुई है। पांच साल पहले संजय सेठ के पास एक लाख का ऋण था। अभी वे 32 लाख के कर्जदार हैं। संजय सेठ की पत्नी के पास 40 लाख की संपत्ति है।

संजय सेठ के पास चल-अचल संपत्तियों में 77 हजार 500 रुपये नकद के अलावा बैंक में नौ लाख 13 हजार 137 रुपये हैं। उन्होंने 28.51 लाख का बांड व 33.74 लाख का एनएसएस, पोस्टल सेविंग, इंश्योरेंस आदि में निवेश किया है। उनके पास 56.17 लाख की कार, 230 ग्राम सोना, 1.40 लाख की पिस्टल भी है। उन्होंने कार लोन लेकर खरीदी है, जिसका 31 लाख रुपये का बकाया है।संजय सेठ ने अपने शपथ पत्र में धुर्वा थाने में दर्ज दो आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि उनपर धुर्वा थाने में दो केस दर्ज हैं। दोनों ही कांड सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन से संबंधित हैं। दोनों ही कांड अभी अनुसंधान के अधीन हैं। अब तक किसी भी केस में चार्जफ्रेम आदि नहीं हुआ है।

## * रांची संसदीय क्षेत्र से 04 अभ्यर्थियों दाखिल किया नामांकन*

*** अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ एवं हरिनाथ साहू ने भरा पर्चा***



**रांची** संसदीय क्षेत्र से अब तक 06 अभ्यर्थी कर चुके हैं नामांकन=

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन अब तक कुल 06 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। आज दिनांक 02 मई 2024 को 04 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों ने नाम निम्न हैं :-*

1. अरशद अयूब, निर्दलीय
2. पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
3. संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी
4. हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा)

इससे पहले 29 अप्रैल 2024 को एसयूसीआई के अभ्यर्थी श्री मिंटू पासवान और 30 अप्रैल 2024 को अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के अभ्यर्थी श्री रामहरि गोप ने अपना नामांकन दाखिल किया था।

## प्रधानमंत्री के झारखंड के दो दिवसीय आगमन को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता ,फुल कारकेड रिहर्सल



**रांची।** प्रधानमंत्री के झारखंड के दो दिवसीय आगमन को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से राजभवन जाने के दौरान रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो करने वाले सड़क मार्ग को पूरी तरह से बैरिकेडिंग कर दी गयी है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान की तैनाती रहेगी। सुरक्षा को लेकर आठ आईपीएस, 30 डीएसपी, इंस्पेक्टर- सब-इंस्पेक्टर रैंक के 200 अधिकारी और 1500 जवान तैनात किये गये है। जवानों में राज्य पुलिस और केंद्रीय रिर्जव पुलिस बल की भी तैनाती की गयी है।

पूरी सुरक्षा के वरीय प्रभार में पुलिस मुख्यालय की ओर से आईजी पंकज कंबोज को जिम्मेदारी दी गयी है। सुरक्षा को लेकर गुरुवार को एयरपोर्ट से लेकर राजभवन और राजभवन से लेकर एयरपोर्ट तक का फुल कारकेड रिहर्सल किया गया। इसके अलावा धुर्वा स्थित विस्थापित भवन में विधि-व्यवस्था की ड्यूटी के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को वरिय अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषभ झा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर एसपीजी की टीम भी रांची पहुंची है। एसपीजी टीम प्रधानमंत्री के निर्धारित मार्ग और सुरक्षा की पूरी जानकारी तैनात अधिकारियों से ली।

## आवश्यक सूचना

***

दिनांक 03.05.2024 को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विभाग द्वारा अधिमान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों को पास निर्गत किया जाना है। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्मानित प्रतिनिधियों से आग्रह है कि कल दिनांक 03.02.2024 मध्याह्न 12:00 बजे तक जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची (समाहरणालय ब्लॉक A) में आवेदन देकर प्राधिकार पत्र प्राप्त कर लें।

**नोट :-** प्रत्येक संस्थान से एक रिपोर्टर एवं एक फोटोग्राफर/वीडियोग्राफर को ही पास निर्गत किया जाना है। प्राधिकार पत्र के लिए संस्थान द्वारा नामित प्रत्येक मीडियाकर्मी का 02 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ अनिवार्य है।

# भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। रांची में सेठ के समर्थकों पर फूलों की वर्षा की गई। नामांकन से पहले भाजपा नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया।



गुरुवार को नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में हजारों समर्थक जुटे। यहां से रैली के रूप में भीड़ समाहरणालय पहुंची। रैली के दौरान जेसीबी से उनके समर्थकों पर फूलों की बारिश की गई। संजय सेठ के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित शामिल हुए। नामांकन से पहले रांची के मोरहाबादी में संजय सेठ के पक्ष में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को भाई संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है।

धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है।

**कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक : अमर बाउरी**

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेई नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। हेमंत सरकार पर हमला करते हुए बाउरी ने कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें पांच साल का मौका दिया था, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण चार साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा की सरकार चुनें और इंडी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंके।

**इंडी गठबंधन का बाराती पूरी तरह तैयार है, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा : सुदेश महतो**

जनसभा में आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि रांची लोकसभा सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर परिणाम आएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन में बाराती पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन दूल्हा ही नहीं मिल रहा। यह तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले लोग हैं। सुदेश ने कहा कि यह परिपाटी चली आ रही है कि गांधी परिवार में जन्म लेने वाला प्रधानमंत्री ही बनेगा। झारखंड प्रदेश में भी ऐसा ही चल रहा है।

**मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी: संजय सेठ**

संजय सेठ ने कहा कि देश की तकदीर और तस्वीर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदली है। मोदी की गारंटी ही काम की गारंटी है। झारखंड की जनता ने भी गारंटी दे दी है कि वह सभी 14 सीटें एनडीए को देगी। सेठ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने देश में इतना विकास कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन के लोग डर गए हैं। उनको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग पर विश्वास ही नहीं है।

## सोरेन परिवार के भीतर देवरानी-जेठानी का झगडा फिर सार्वजनिक हुआ है

**रांची।** सोरेन परिवार के भीतर देवरानी-जेठानी का झगडा फिर सार्वजनिक हुआ है। इस बार शिबू सोरेन की बडी बहू सीता सोरेन ने अपनी देवरानी कल्पना मुर्मू सोरेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीता सोरेन ने कल्पना मुर्मू सोरेन पर गुरुजी की सेहत के साथ खिलवाड करने का आरोप लगाया है। सीता सोरेन ने आरोप लगाया है कि शिबू सोरेन की तबीयत नासाज रहती है, बावजूद इसके उन्हें रैलियों और सभाओं में शामिल किया जा रहा है। कडी धूप में उनको संबोधन के लिए मजबूर किया जा रहा है। सीता सोरेन ने कहा कि चिलचिलाती धूप में बाबा (शिबू सोरेन) को रैलियों में ले जाया गया। उनको बिठा कर रखा। उन्होंने कहा कि विपक्ष सत्ता की खातिर कुछ भी कर सकता है। सीता सोरेन ने आरोप लगाया है कि कल्पना मुर्मू सोरेन, गुरुजी को खत्म करना चाहती है।





सीता सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन नें जुबानी जंग

गौरतलब है कि यह पहला मौका नहीं है जबकि सीता सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन के बीच जुबानी जंग हुई है। इससे पहले जब सीता सोरेन ने बीजेपी ज्वॉइन किया था तो उन्होंने कल्पना मुर्मू सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर शिबू सोरेन की विरासत को धूमिल करने का आरोप लगाया था। सीता सोरेन ने यह भी कहा था कि पार्टी और परिवार के भीतर कुछ लोगों ने उनके पति स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की मेहनत को हाईजैक करने का प्रयास किया है। बदले में कल्पना मुर्मू सोरेन ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर शेयर कर उन्हें अभिभावक तुल्य बताया था। कहा था कि उन्होंने हमेशा मार्गदर्शन किया। जवाब में सीता सोरेन की बडी बेटी जयश्री सोरेन ने कल्पना मुर्मू सोरेन पर उनके पिता का नाम इस्तेमाल नहीं करने की नसीहत दी थी।

**झामुमो छोड बीजेपी में शामिल हो गई थीं सीता**

बता दें कि सीता सोरेन ने लोकसभा चुनावों के ऐलान के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली में बीजेपी ज्वॉइन करते हुए सीता सोरेन ने आरोप लगाया कि उनको पार्टी और परिवार में उपेक्षित किया गया। उनकी बेटियों की उपेक्षा की गई। उन्होंने अपमानित करने का भी आरोप लगाया। स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की मौत को संदिग्ध बताते हुए सीता सोरेन ने कहा था कि जब मैंने परिवार के भीतर उनकी मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग की तो इसे नजरअंदाज किया गया।

## गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढा दी है



**रांची।** बडगाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी।

मामले को लेकर इडी ने इसीआइआर 6-2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ इडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में इडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

## विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत सत्संग विभाग की बैठक

**रांची**:विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत सत्संग विभाग की बैठक विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्यालय, किशोरगंज रांची स्थित शक्ति आश्रम में हुई। बैठक में झारखंड के विभिन्न जिलों के सत्संग प्रमुख उपस्थित हुए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सत्संग प्रमुख माननीय बसंत रथ जी ने कहा सत्संग विश्व हिंदू परिषद के 19 आयामों में एक महत्वपूर्ण आयाम है, जिसके माध्यम से हिंदू समाज के बीच संस्कार एवं देशभक्ति उत्पन्न करने का कार्य किया जाता है। यह धार्मिक हिंदू को सामाजिक हिंदू बनाने का कार्य है जिसमें व्यक्ति केवल अपना नहीं धर्म के साथ-साथ देश का चिंतन करता है। जहां सत्संग चलता है वहां सदगुण का विकास होता है, समरसता बढ़ती है। बहुजन हिताय बहुजन सुखाय का संदेश सत्संग से ही प्रसारित होता है।





प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने बताया वर्तमान में परिषद के द्वारा 1231 सत्संग केंद्र चल रहे हैं जिसे षष्ठीपूर्ति वर्ष में 2100 करने का लक्ष्य है।

बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, सहमंत्री रंगनाथ महतो, मार्गदर्शक मंडल के प्रांत संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, सुभाष चटर्जी, संतोष सिंह, गुलाब सिंह, अमूल्य मिश्रा, कार्तिक विश्वकर्मा, योगेश खंडेलवाल, सोनाराम महतो, विकास कुमार, उमेश मांझी, देवीलाल मुर्मू, अतुल दत्ता, सरोज टुडू, प्रकाश दास गोस्वामी उपस्थित थे।

## संजय सेठ ने किया नामांकन



**रांची** लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ ने नामांकन दाखिल किया। समाहरणालय में उनके साथ उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, अमर बाउरी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और जदयू के खीरू महतो मौजूद रहे।

नामांकन दाखिल करने से पहले मोरहाबादी में भव्य सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# मोदी की गारंटी में है झारखंड की जनता को भरोसा संजय कुमार जायसवाल*

**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ो युवा साथी के साथ मोटरसाइकिल जुलूस में पहुंचे मोराबादी मैदान पूरे झारखंड के युवा मोदी की गारंटी पर है भरोसा**



रांची के रांची के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ जी के नामांकन कार्यक्रम में एवं मोराबादी सभा में उपस्थित होने को लेकर युवाओं में पूरी जोश है पूरे रांची से हजारों हजार की संख्या में हर गली मोहल्ले से आम जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे हैं

इस जुलूस का नेतुत संजय कुमार जायसवाल कर रहे हैं

यह जुलूस सुखदेवनगर मंडल मधुकम से निकालकर महानगर होते हुए मोराबादी पहुंचे

इसमें मुख्य रूप से संजय कु जायसवाल शुभम कुमार जायसवाल अविनाश राय तरुण कुमार जायसवाल आशीष मिश्रा अविनाश यादव संजीव जायसवाल संजीव पाठक रितिक गुप्ता अंकित मिंज सुमन यादव अतुल कुमार शिवानंद कुमार विवेक कुमार अंकित राज मनोज कुमार राजेश कुमार आकाश कुमार आकाश कुमार अवधेश कुमार अविनाश पंडित अविनाश पंडित दिनेश बेड़िया शिव शंकर पंडित सदानंद पंडित सहित सैकड़ो की संख्या में नामांकन में पहुंचे l

# *रांची विश्वविद्यालय की मनमानी के खिलाफ आजसू पहुंचा राजभवन।

**गरीब छात्र-छात्राओं को पढ़ाई से वंचित करना चाहता है रांची विश्वविद्यालय के कुलपतिः अभिषेक शुक्ला**

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के तानाशाही रवैया से बर्बाद हो जाएगा पांच जिलों के छात्र छात्राओं का भविष्य: अभिषेक शुक्ला।*

इंटरमीडिएट नामांकन मामले को गंभीरता से ले राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री अन्यथा बर्बाद हो जाएगा 5 जिले के छात्र छात्राओं का भविष्य: अभिषेक शुक्ला।

गरीब छात्र छात्राओं को पढ़ाई से वंचित रखना चाहते है कुलपति संज्ञान ले राजभवन एवम मुख्यमंत्री : अभिषेक शुक्ला।

रांची ।बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के तानाशाही रवैया के खिलाफ राजभवन मे राज्यपाल के नाम से,मुख्यमंत्री सचिवालय मुख्यमंत्री के नाम से एवं झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक के नाम से सोपा ज्ञापन।

माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपति के नाम से राजभवन ,मुख्यमंत्री के नाम से मुख्यमंत्री सचिवालय में एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में निदेशक के नाम से ज्ञापन देते हुए रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री अभिषेक शुक्ला ने कहा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का यह तानाशाही फैसला पूरे राज्य के गरीब छात्र छात्राएं एवं विशेष कर पांच जिलों के गरीब छात्र-छात्राओं को प्रभावित करेगा।

अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा के विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20 अप्रैल 2024 को इंटर में नामांकन संबंधित अधिसूचना जारी की गई थी , इसके तीन दिन बाद इस सूचना को रद्द कर दिया गया। जबकि इस राज्य के लगभग सभी अन्य विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। लेकिन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं।

रांची विश्वविद्यालय में लगभग 80 से 90% छात्र-छात्राएं गरीब या गरीबी रेखा के नीचे तबके से आते हैं ऐसे में इन छात्र-छात्राओं के भविष्य पर तलवार लटकता दिख रहा है।

शुक्ल ने आगे कहा के पिछले साल ही झारखंड सरकार के स्कूली एवं साक्षरता विभाग के पत्रांक 1523 के अनुसार आने वाले तीन सालों में इंटरमीडिएट की सीटों को धीरे-धीरे काम करते हुए समाप्त करना है जिसके आलोक में झारखंड उच्च शिक्षा विभाग ने पत्रक संख्या 170 जारी कर पूरे राज्य के सभी विश्वविद्यालय को आदेश दिया था के धीरे-धीरे सीटों की संख्या में कमी लाते हुए 2 से 3 सालों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई को डिग्री कॉलेज से समाप्त किया जाएगा। परंतु रांची विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा यह तानाशाही फैसला छात्र-छात्राओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाला है।

वहीं मौक पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष आकाश नयन ने कहा की रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के इस निर्णय से रांची समेत अन्य चार जिलों के गरीब छात्र-छात्राएं पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे।

छात्र आजसू के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से माननीय राज्यपाल सह कुलाधिपतिमहोदय से आग्रह किया इंटरमीडिएट की पढ़ाई को वैकल्पिक व्यवस्था तैयार होने तक पहले की तरह ही चलने दिया जाए।

झारखंड सरकार के उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक श्री रामविलास यादव ने कहा की हमे भी राज्य के गरीब छात्र छात्राओं के भविष्य की चिंता है, स्कूली शिक्षा विभाग से बात चल रही है सारे डेटा उपलब्ध होते के साथ ही इस वर्ष के लिए इंटरमीडिएट के नामांकन को चालू कर दियाजाएगा।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से : अभिषेक शुक्ला, प्रियांशु शर्मा, गुलशन कुमार, विश्वजीत कुमार, राहुल कुमार, अकाश नयन, प्रवीण सोरेन, विशाल कुमार यादव, साहिल कुमार, मनजीत कुमार साहू के अलावा कोई सदस्य मौजूद थे।

## जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मिडिया कोषांग रांची, श्रीमती उर्वशी पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक

**मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्पूर्ण हैं। सभी चीजों पर सतत् निगरानी बहुत जरुरी सभी तरह के पेड न्यूज पर निगाह चौकस रखें**



**रांची,:** समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कमरा संख्या-119 में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मिडिया कोषांग रांची, उर्वशी पाण्डेय द्वारा मिडिया कोषांग के पदाधिकारी/ कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए सभी सम्बंधित पदाधिकारी/ कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्पूर्ण हैं। सभी चीजों पर सतत् निगरानी बहुत जरुरी है।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मिडिया कोषांग रांची, श्रीमती उर्वशी पाण्डेय द्वारा मीडिया कोषांग में कार्यरत सोशल मीडिया निगरानी कर्मियों को सोशल मीडिया में पेड न्यूज, फेक न्यूज़ से सम्बंधित बिंदुओं से अवगत कराया।

फेक खबरों की पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश

पेड न्यूज के अलावे विभिन्न फेक न्यूज़ यथा ई वी एम, बूथ मैनेजमेंट, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप मतदाता सूची, विधि व्यवस्था, इलेक्शन प्लान आदि से संबंधित फेक खबरों का पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सत्यापन कर खंडन भी उसी साइट सहित सभी मीडिया में करना है। इसकी जानकारी देते हुए त्वरित संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।

# झारखंड के धनबाद में सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता रामप्रकाश पांडे को बुधवार को सीबीआई की टीम ने 25 हजार रुपये घुस लेते दबोच लिया।

**संवाददाता, धनबाद।** धनबाद में ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता रामप्रकाश पांडे को बुधवार को सीबीआई की टीम ने कुमारधुबी कोलियरी के पुराना रेलवे साइडिंग के पास 25 हजार रुपये घुस लेते दबोच लिया। वह कुमारधुबी कोलियरी के आवासीय परिसर में रहते हैं।बुधवार की शाम सीबीआई की टीम ने यह कार्रवाई की। सीबीआई




की टीम तीन कार पर सवार होकर आई थी। पांडे हरियाजाम कोलियरी में कार्यरत हैं। वह इसी कोलियरी के कर्मी संजीव कुमार सिन्हा से दूसरे जगह से ट्रांसफर कर लाने के एवज में एक लाख रूपये घूस की मांग की थी।शिकायत सीबीआई से की थी। इसके बाद सीबीआई की टीम पांडे के आवास और कार्यालय में दबिश दी। उन्हें गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है।

इस दौरान सीबीआई की टीम ने उनके घर और कार्यालय को भी खंगाला और सील कर दिया। हालांकि इस संबंध में सीबीआई कुछ भी बताने से इनकार की। कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम किसी को भी आसपास में फटकने नहीं दे रही थी। इस छापेमारी से कोलियरी इलाके में अधिकारियों में दहशत का माहौल है।



**तिसरा।** दुनिया के मजदूर एक हो, कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा, शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम आदि तारों के साथ नॉर्थ तीसरा, कुइयां में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की ओर से झंडा फहराया गया। यहां भगवान दास पासवान सचिव मनोज कुमार पासवान ने झंडा फहराया, गोलकडीह लोडिंग पॉइंट पर मासस के जिला अध्यक्ष विदां पासवान की ओर से झंडा फहराया गया कुइया में पहलाद महतो ने झंडा फहराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों लोग शहीद हुए उनके खून से ही लाल झंडा का निर्माण हुआ। वहां मजदूरों से 15 से 20 घंटा काम कराया जाता था मजदूरों ने अपनी कुर्बानी देकर इस ऐतिहासिक फैसला की जीत दिलाई उसके बाद ही पूरे दुनिया में काम के अधिकार 8 घंटा लागू हुआ। 8 घंटा काम 8 घंटा आराम और 8 घंटा मनोरंजन का कानून बना भारत में वामपंथी ट्रेड यूनियन ने 1923 से मयी दिवस मान रही है। वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों को निजीकरण के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़नी होगी आज मजदूर का अस्तित्व संकट में है। मौके पर सपन पासवान नरेश निषाद संतोष रवानी कामता पासवान शिवकुमार सिंहपशुपतिनाथ देव अनिल सिंह अवनी कुमार महतो, कन्हाई सिंह, जितेंद्र निषाद श्री रामचंद्र महतो उमाशंकर वर्मा सुरेंद्र वर्मा देवरंजन दासआदि लोग थे।

### बोकारो, चंदनकियारी सहित 8 विस क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने की है सुदृढ़ व्यवस्था - उपायुक्त

## निर्धारित रूट, निर्धारित वाहन से बिना रुके बाजार समिति पहुंचने का निर्देश






**धनबादः** लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे।

महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी।

न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने के लिए रूट की जानकारी रखने, वैकल्पिक रूट की खोज रखने तथा एक बार ट्रायल रन करने का निर्देश दिया।

वहीं डीसीएलआर सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने सभी से अपने दायित्व का निर्वाहन कर, संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए सुचारू रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने का आह्वान किया।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, पुष्कर झा, कुलदीप सहित बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के एआरओ, एईआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## समर्पण एक नेक पहल संस्था ने महिला के ऑपरेशन के लिए उपलब्ध कराया रक्त

सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल जो लगातार ज़न कल्याण के कार्य पिछले चार वर्षो से करते चले आ रही हैं प्रत्येक दिन दर्जनों जरूरतमंद मरीजो को रक्त उपलब्ध करा रही हैं और निःस्वार्थ रूप से देश हित में अपने कर्तव्यों का वहन करते चले आ रही हैं इस संस्था के माध्यम से आज फिर एक बार एक महिला के ऑपरेशन के लिए संस्था ने रक्त उपलब्ध कराया l




कतरास श्री कृष्णा मातृ सदन में ईलाजरत 35 वर्षीय महिला के ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने पहले एबी पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, घर वालों में से किसी का रक्त समुह मरीज के रक्त समुह से मेल नहीं खाने के वजह से बहुत परेशान हो गए थे साथ ही इस भीषण गर्मी की वजह से कोई जल्दी रक्तदान करने को तैयार नहीं होता जिससे ब्लड बैंक भी गर्मी के दिनों में खाली हो जाता है इन सभी कठिनाईयों के देखते हुए मरीज के परिजन ने समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से संपर्क कर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर धनबाद प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट एबी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकारते हुए सभी काग़ज़ी प्रक्रियाओं को पूरा कर ब्लड सेंटर द्वारा मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई l

श्री चौहान ने कहा कि हमारी सेवा हर मौसम, हर परिस्थिति, हर हाल में जारी रहेगी l

## चन्द्रदेव महतो ने नेशनल अवार्ड प्राप्त अन्नू को किया सम्मानित



**बलियापुरः** बाघमारा पंचायत के मोदीडीह निवासी सुभाष चंद्र महतो की बेटी अन्नू कुमारी ने मुंबई के अमरावती मॉडर्न पेंटाथेलोन फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित लेजर रन प्रतियोगिता में नेशनल अवार्ड मिला। विभिन्न राज्यों के 24 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था ।अन्नू ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल से नवाजा। आगे चलकर इंटरनेशनल ओलंपिक में भाग लेना चाहती हैं। यह प्रतियोगिता 26 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चला। गुरुवार को मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने मोदीडीह पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर संतोष कुमार महतो, स्वप्न कुमार महतो, रोहित कुमार महतो, अविनाश महतो, दिलीप कुमार महतो, चंद्र मोहन महतो, इंद्र मोहन महतो, ललित महतो, शीतल दत्ता, आशुपति महतो, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थे।



तिसरा। लोदना एरिया क्षेत्र के एम ओ सी पी कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 13 में छत का ऊपरी छज्जा गिरने से कई लोग बाल बाल बच गए कॉलोनी में रहने वाले लोगों में आक्रोश भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन पर आरोप लगाया है कहा कि प्रबंधन गंभीर नहीं है कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकती है। इस संबंध में सुरक्षा को लेकर परियोजना पदाधिकारी से मिलेंगे।

ब्लॉक नंबर 13 के रहने वाले राजेंद्र मल्लाह अर्जुन कहार, देवनंदन प्रसाद, नरेश बेदी, संजीवन भुइयां का कहना था कि हम लोग घर में थे अचानक जोरों की आवाज हुई बाहर निकाल कर देखें तो ऊपरी छठ का छज्जा ऊपर से होते हुए तीनों तल्ला के छज्जा को तोड़कर नीचे गिरा संजोग अच्छा था नीचे में कोई नहीं था कुछ दूर पर बच्चे लोग खेल रहे थे अफरा तफरी मच गई सब लोग इधर-उधर भागने लगे क्वार्टर में रहने वाले सभी लोग लोदना एरिया क्षेत्र में काम करते हैं उनका कहना था कि कितना बार प्रबंधन को इसकी शिकायत किया की ब्लॉक का घरों का जो छज्जा है बाहर तरफ निकला है वह काफी जर्जर है लेकिन प्रबंधन ध्यान नहीं दिया नतीजा आज या घटना हुई। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता श्री राम गोराई ने प्रबंधन का घोर लापरवाही बताया है कहा कि इस मामले में प्रबंधन से मिलकर बात करेंगे जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो घेराव भी करेंगे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएसपी ने निरसा विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबल बूथ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ करने के दिए निर्देश**

**वल्नरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील**

**धनबादः** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने आज निरसा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वल्नरेबल बूथ एवं राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम सह डिस्पैच सेंटर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।



इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने निरसा विधानसभा क्षेत्र के मदनपुर स्थित मध्य विद्यालय बूथ नंबर 222 एवं बैदपुर स्थित बूथ नंबर उर्दू प्राथमिक विद्यालय बूथ नंबर 38 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा स्थित स्ट्रांग रूम सह डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक,निरसा प्रखंड विकास पदाधिकारी इंद्रलाल ओहदार,निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, एमपीएल ओपी प्रभारी जोगिंदर प्रसाद, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।



तिसरा।देव प्रभा आउटसोर्सिंग के मनमानी के खिलाफ सुरंगा रैयत विस्थापित मोर्चा ने आज हल्ला बोला ग्रामीणों का कहना था कि पिछले 2 महीने से ओबी डंप बंदथा लेकिन बुधवार से फिर से यह चालू हो गया है। पिछले 1 साल से ग्रामीण अपनी हक की लड़ाई के लिए लड़ रहे हैं बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता भी हुई उन्होंने आश्वासन दिया कि अब ओबी डंप नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीण एसपी ने भी आश्वासन दिया जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी लेकिन उसके आश्वासन के बावजूद आउट सोर्सिंग के गुंडे ने जबरन फिर से ओबी डंप कर रहे हैं। बलियापुर के पूर्व सीईओ रामप्रवेश कुमार ने भी जांच करने के बाद आउटसोर्सिंग के खिलाफ मुकदमा किया था। रैयत विस्थापित मोर्चा का नेतृत्व कर रहे हैं पांडव रजक ने कहा कि यह जमीन रैयत की है ,यहा पूरी तरह से तानाशाही की जा रही है ग्रामीण को दबाने का प्रयत्न किया जा रहा है जिसे हम किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे जब तक ग्रामीणों का हक नहीं मिल जाता है तब तक यहां पर काम होने नहीं दिया जाएगा। वहीं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कपूर चंद्र गोराई ने कहा ग्रामीण एसपी ने आश्वासन दिया था की जांचों उपरांत कार्रवाई की जाएगी लेकिन उनकी बातों को भी नहीं माना जा रहा है और जबरन ओबी डंप किया जा रहा है, कुछ स्थानीय ग्रामीण की मिली भगत भी इसमें देखी जा सकती है लेकिन हम लोग इसका पुरजोर विरोध करेंगे और आगे लड़ाई लड़ी जाएगी। ग्रामीणों में पांडव रजक ,कपूर चंद गोराई ,वीरेंद्र रजक, जादू महतो ,अजय रजक ,संजय कुंभकार ,आलोचना देवी ,करुणा देवी, पूर्णिमा देवी बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 3 उम्मीदवारों ने किया लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन



लोकसभा चुनाव के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष आज 3 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

आज निर्दलीय उम्मीदवार जनक शाह, उमेश पासवान तथा अखिल भारत हिन्दू महासभा के संजय कुमार गिरी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

## ईसीआरकेयू ने मनाया मजदूर दिवस।




ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा दो हर साल की तरह इस साल भी अपने धनबाद हिल कॉलोनी स्थित शाखा कार्यालय प्रांगण में मई दिवस का आयोजन किया गया था। जिसके तहत शाखा के शाखा अध्यक्ष एन के खवास के द्वारा झंडा उत्तोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी कर्मचारियों को मई दिवस का बैच लगाया गया। और उपस्थित नेता करने अपना वक्तव्य रखें।

इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष एन के खवास,के अलावे शाखा सचिव आर के सिंह,सोमेन दत्ता,सुप्रटिव चक्रवर्ती,एस बी सिंह,एम के मुकेश,अभिषेक कुमार,परमेश्वर कुमार,एस मुंजेश्वर राव,यू के पाठक,एस के पाल,मृग भूषण सिंह,रोहित पाठक,इस्लाम अंसारी,एस के महतो,एम के तिवारी,विकाश कुमार,गुड्डू कुमार,धर्मवीर पासवान,रिट लाल गोप,प्रदीपतो सिन्हा,अश्वनी कुमार,एम के मण्डल,मिथिलेश कुमार,महेंद्र कुमार,कौशलेन्द्र कुमार,बिस्वाजीत मुखर्जी,और दीपक कुमार उपस्थित रहे।

वही दूसरी तरफ लाइन शाखा के कोचिंग परिसर में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया सर्वप्रथम यूनियन शाखा सचिव जे के साव के द्वारा झंडा तोलन का कार्यक्रम किया गया I इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन सचिव हाजीपुर नेताजी सुभाष ने अपने वाणी से मजदूरों को यह बताने का कार्य किया कि मजदूरों की हक की लड़ाई केवल और केवल संगठन के द्वारा ही लड़ा जाता है I जिसमें एआईआरएफ और ईसीआरकेयु का महत्वपूर्ण योगदान रहता है I इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी कोषाध्यक्ष सी एस प्रसाद डीपू इंचार्ज अभय मेहता, एन के खवास,सुरेंद्र चौहान,अमरजीत यादव,दिलीप कुमार,आरके अजय कुमार,नागेंद्र कुमार,धुरंधर यादव,नीतीश कुमार,फिरोज अंसारी,इजहार आलम,सुजाता देवी,रुचि कुमारी,शहनाज परवीन बिंदु देवी रीना कुमारी महुआ चौधरी मनजीत कुमार, अनुरंजन कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## 3 ने खरीदा नोमिनेशम फॉर्म

लोकसभा चुनाव के लिए आज 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा।



अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि आज सामान्य वर्ग में 25 - 25 हजार रुपए का भुगतान करके 3 लोगों ने नोमिनेशम फॉर्म खरीदा है।

नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु मानतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

अलग पहचान



# लोकसभा के उम्मीदवार जयराम महतो पर प्राथमिकी दर्ज, 6 समर्थकों को बोकारो पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बोकारो**: गिरिडीह लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने वाले युवा नेता जयराम महतो पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। उनके 6 समर्थकों को भी बोकारो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी लोगों पर जयराम महतो को पुलिस की हाजत से भगाने का आरोप लगाया गया है।जयराम महतो ने रांची पुलिस को दिया था आश्वासन

जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस पूरी तरह से एक्शन में है। लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए रांची से नगरी थाना के इंस्पेक्टर और डीएसपी बोकारो पहुंचे थे। जयराम ने उनसे कहा कि नामांकन दाखिल करने के बाद वह चास में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर सकती है।चास में जनसभा को संबोधित करने के बाद लापता हैं जयराम महतो

रांची पुलिस ने उनकी बात मान ली, ताकि कोई बखेरा न हो। बोकारो समाहरणालय में नामांकन दाखिल करने के बाद वहां से जयराम महतो समर्थकों के साथ चास में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। वहां अपने समर्थकों को संबोधित किया। इसके बाद से जयराम महतो कहां हैं, इसके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए एक्शन मोड में पुलिस

अब पुलिस भी जयराम महतो की गिरफ्तारी के लिए एक्शन मोड में आ गई है। बोकारो में रात भर अभियान चलाकर उनके 6 समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सभी पर जयराम महतो को हाजत से भगाने का आरोप लगाया गया है। राजधानी रांची के नगरी थाना में दो साल पहले जयराम महतो के खिलाफ एक केस दर्ज किया गया था। उस मामले में जयराम ने जमानत नहीं ली थी।

# चास में उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

## मौके से 1920 केजी जावा महुआ एवं 85 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त, टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट





**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर गुरूवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चास थाना अंतर्गत बेलूट ग्राम के गोपालपुर जोरिया किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की।

मौके से उत्पाद टीम ने 1,920 केजी जावा महुआ शराब एवं 85 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण - बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा से किया नामांकन



**कोडरमा**: अपने आराध्य स्वर्गीय रमेश प्रसाद यादव, इष्टदेव श्रीराधाकृष्ण और मां दुर्गा को नमन कर एक बार फिर आपकी सेवा के सफर पर निकल रही हूं।

आपके आशीर्वाद से मिली शक्ति का सदुपयोग कर कोडरमा को विकास पथ पर गतिशील किया है। प्रगति को गति देने का संकल्प है हमारा, एक बार फिर अपना स्नेह और आशीर्वाद दें।गुरुवार को कोडरमा में भाजपा की उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक नीरा यादव, केदार हाजरा आदि उपस्थित थे।उनके नामांकन के बाद कोडरमा के सर्कस मैदान में जनसभा आयोजित की गई, जिसमें अन्य नेताओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी सम्मिलित हुए।

# झारखंड की इस हॉट सीट से चुनाव मैदान में कद्दावर नेता अर्जुन मुंडा



**खूंटी।** झारखंड की खूंटी सीट से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा चुनाव मैदान में हैं। अर्जुन कद्दावर नेता कड़िया मुंडा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले चुनाव में काफी कम 1445 वोटों के अंतर से जीते अर्जुन मुंडा को इस बार कांग्रेस के वोटों में बिखराव का फायदा हो सकता है।ईसाई मिशनरियों और पत्थलगड़ी के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में इस बार चर्च और पत्थलगड़ी विद्रोह से जुड़े उम्मीदवार भी मैदान में हैं। वहीं झामुमो के एक पूर्व विधायक भी निर्दलीय लड़ रहे हैं।उम्मीदवार लोगों को अलग-अलग मुद्दों पर गोलबंद करने में भी जुटे हैं। कांग्रेस ने अर्जुन मुंडा के मुकाबले कालीचरण मुंडा को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रचार अभियान अब गति पकड़ चुका है।

पिछले चुनाव में कालीचरण मुंडा ने अर्जुन मुंडा को कड़ी टक्कर देकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। भगवान बिरसा मुंडा की इस धरती पर राजनीतिक कब्जे को लेकर हर ओर से कवायद हो रही है। स्टार प्रचारकों का दौरा भी इसपर आने वाले दिनों में असर डालेगा।हेसाहातू चौक पर लगा पत्थर पुराने दिनों की याद दिलाता है, जब क्षेत्र में पत्थलगड़ी की धूम थी। इस लिखा है - सबसे ऊपर ग्रामसभा। तब गांव-गांव में इस आंदोलन का इतना असर हुआ था कि अधिकारियों तक का प्रवेश वर्जित हो गया।

नाराज ग्रामीणों ने एक बार 24 घंटे तक वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को बंधक बना लिया था। पुलिस हस्तक्षेप से सबकुछ शांत तो हुआ, लेकिन इसका असर आज भी है।

इलाके बंटे हैं और लोगों का मन-मिजाज भी उसी मुताबिक बना हुआ है। अलग-अलग खेमेबंदी स्पष्ट झलकती है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला यह क्षेत्र बुंडू-तमाड़ से लेकर दूरस्थ सिमडेगा तक फैला है और छह विधानसभा क्षेत्रों के अलग-अलग समीकरण और गणित हैं। इसी के इर्द-गिर्द रणनीति भी बन रही है।हेसाहातू से आगे एक गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं का जत्था इसी मुहिम में लगा है कि जल्द से जल्द लोगों तक कैसे मतदान की पर्ची पहुंचाई जाए।

कई इलाकों से खबर आ रही है कि पर्ची लोगों तक नहीं पहुंचने के कारण वे बूथ तक नहीं जा पाए। इस कमी को पाटा जा रहा है।

पूर्व सांसद कड़िया मुंडा सभा करने के लिए आ रहे हैं। उसकी भी तैयारी चल रही है। सदान गांवों का मूड अलग है तो मुंडाओं के गांवों में सबकुछ भीतर-भीतर चल रहा है। ईसाई वोटों का रुख भी तय हो रहा है। दूरस्थ इलाकों में इनकी मर्जी के बगैर पत्ता नहीं हिलता। खूंटी के कांग्रेस विधायक कालीचरण मुंडा के भाई नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा के स्थानीय विधायक हैं। दोनों अलग-अलग दल में हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी के भाई भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में खुलकर साथ दे रहे हैं। कांग्रेस के कालीचरण दोबारा किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन चर्च के प्रभाव वाले इलाकों में वे अपनी पैठ नहीं बना पा रहे हैं।

दरअसल, चर्च के स्थानीय पदाधिकारियों का दावा है कि कांग्रेस ने ईसाई प्रत्याशी का वादा किया था। यह पूरा नहीं हुआ। ऐसे में इन्हें सबक सिखाने का इरादा है। विरोध जताकर यह भी संदेश दिया जाएगा ताकि भविष्य में ईसाई प्रत्याशी को मौका मिल सके।खूंटी लोकसभा क्षेत्र के दायरे में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें खूंटी और तोरपा पर भाजपा का कब्जा है, जबकि सिमडेगा और कोलेबिरा में कांग्रेस एवं तमाड़ और खरसावां में झामुमो के विधायक हैं।

# माओवादियों ने की पोस्टरबाजी



**पलामू** । प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बरेवा इलाके में पोस्टरबाजी की है। ये पोस्टर पंचायत भवन आंगनबाड़ी केंद्र समेत सरकारी भवनों पर लगाए गए हैं। पोस्टरबाजी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टर जब्त कर लिया।

इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने गुरुवार को कहा कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलवाद समेत कई बिंदुओं पर अभियान चलाया जा रहा है। माओवादी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। उनके पोस्टरबाजी से अब कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पोस्टरबाजी करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। पलामू ने हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हुसैनाबाद और पांडू के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है।



बोकारो।निर्वाची पदाधिकारी 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र, विजया जाधव के समक्ष राइट टू री काल पार्टी प्रत्याशी शिवजी प्रसाद ने एक सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।



गांडेय । गांडेय उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने नामांकन दाखिल किया। कोडरमा डीसी को उन्होंने अपना नामांकन पत्र सौंप दिया है। पहले तो दिलीप वर्मा 3 मई को नामांकन दाखिल करने वाले थे, लेकिन 3 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चाइबासा दौरे को लेकर यह निर्णय लिया गया कि वह भी कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के साथ ही नामांकन दाखिल करेंगे। दरअसल गुरुवार को गिरिडीह में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आगमन हुआ। उन्होंने अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में वोट करने की अपील की। साथ ही उन्होंने दिलीप वर्मा के लिए भी वोट मांगा है। बता दें कि भाजपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना सोरेन के खिलाफ दिलीप वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। बीते 29 अप्रैल को कल्पना सोरेन ने अपना नामांकन दाखिल किया था। 20 मई को गांडेय में लोकसभा चुनाव के साथ ही उपचुनाव भी होगा।



बोकारो।निर्वाची पदाधिकारी 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र, विजया जाधव के समक्ष पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) पार्टी प्रत्याशी प्रमोद राम ने एक सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।

# भाजपा रांची लोकसभा कार्यालय, अरगोड़ा रांची।

## महागठबंधन भ्रष्टाचारियों की जमात है - *पुष्कर सिंह धामी



भाजपा से रांची लोकसभा सीट के प्रत्याशी संजय सेठ ने आज नामांकन दाखिल किया. नामांकन कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसु पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो झारखंड भाजपा विपक्ष के नेता अमर बावरी, राज्यसभा सासंद झारखंड लोकसभा के संयोजक प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू लोजपा के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे इससे पूर्व मोराबादी मैदान मे एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50000 की संख्या मे भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आम जनता को संबोधित करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महा गठबंधन के अधिकतर नेता भ्रष्टाचारी है बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव एवं उनका पूरा परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप है और सभी जमानत पर है रांची में भी महागठबंधन ने जिस उम्मीदवार को खड़ा किया है उसके परिवार पर करोड़ों रुपए का कोयला घोटाले का आरोप है रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ जनता के बीच काफि लोकप्रिय है और सदन में रांची और झारखंड की समस्याओं को उठते रहते हैं श्री सेठ रिकॉर्ड बातों से चुनाव जीतेंगे।

रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ ने सभी को संबोधित कर कहा कि जिस तरह का मान सम्मान प्यार आप लोगो ने इस सभा मे आकर दिया है आज आपकी उपस्थिती से ही यह संदेश जा रहा है कि रांची लोकसभा सीट भारी मतो से जिताकर आप देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः भारत का प्रधानमंत्री बनाने जा रहे है ।अबकी बार 400 पार के नारे के साथ संजय सेठ नही सभी का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर आजसु केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि संजय सेठ काफी लोकप्रिय नेता है और झारखंड की शान है उनकी टक्कर किसी से नहीं है हमारी टक्कर मौसम से है हमें वोट देने के लिए निकलना है और हर हालत में वोट देना है शहर के लोग वोटिंग काम करते हैं इस बार 70 से 80 फ़ीसदी वोटिंग करने का आह्वान किया है झारखंड विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि देश में मोदी जी की गारंटी है और जनता उनकी गारंटी पर मोहर लगा चुकी है महागठबंधन का कोई भरोसा नहीं है परिवारवाद जातिवाद और भ्रष्टाचार के अखंड दलदल में पूरी तरह डूब चुकी है

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में जदयू भाजपा की भाई की भूमिका में रहेगा और पूरी ताकत से झारखंड की 14 से 14 सीटों पर राजग गठबंधन को जीतने केजरीवाल लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगा।

कार्यक्रम का संचालन रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय ने किया ।

सभा समाप्ती के बाद रोड शो कर मोराबादी से समराहालय तक गई जिसका जगह जगह मे पुष्पवर्षा कर कार्यकारतागणो का स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रांची के विधायक चंदेश्वर प्रसाद सिंह कांके के विधायक समरी लाल, पुर्व राज्यसभा सदस्य अजय मारू ,पुर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दा, रांची जिला अध्यक्ष वरुण साहू, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पुर्व विधायक रामकुमार पाहन , लोकसभा सह संयोजक रमाकांत महतो, हेमंत दास, बलराम प्रसाद सतनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, रमेश सिंह, ललित ओझा, भाजपा के सभी मोर्चा एवं मंडल अध्यक्षगण, बजरंग वर्मा, अभय कुमार सिंह , जितेंद्र सिंह गंगोत्री कुजूर अनिल महतो राजाराम महतो प्रेम वर्मा , उमेश रंजन, साहू रितेश प्रसाद कमलजीत सिंह संजय जयसवाल ओम प्रकाश गुप्ता, भाजपा प्रदेश पदाधिकारीगण महानगर पदाधिकारीगण देवतुल्य कार्यकर्तागण सहित काफी संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान



# अनियंत्रित विकास से जलवायु में परिवर्तन, चिलचिलाती धूप से लोग परेशान

## परेशानी में लोग, भगवान से लगा रही है बारिश की गुहार

उधवा: जिले का अधिकतम तापमान बुधवार को 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच चुका है। जहां लोग घरों से निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। उधर जिस प्रकार से कडकडाती धूप और तेज हवाएं चल रही है जहां आए दिन जिले में जहां तहां आग लगने की घटना से लोग डरे हुए है। उधर मौसमीय परिस्थिति को देखते हुए झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग ने बच्चों के राहत के लिए कक्षा एलकेजी से आठ तक की कक्षा को अगले आदेश तक स्थगित करने का निर्देश भी जारी कर दिया है। उधर सभी के जुबां पर एक ही वाक्य सुनने को मिलता है कि वाह कितनी धूप और कितनी गर्मी है जिसके कारण जीना मुश्किल हो रहा है। दरअसल वर्तमान समय में झारखंड राज्य प्राकृतिक मार के रूप में तिलमिलाहट धूप वाली तेज हवा और जलन भरी भीषण गर्मी को झेल रही है। वही अप्रैल व शुरुआती मई महीना में ही तेज धूप, लू और गर्मी का कहर इतना हावी है कि लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वही सडक पर जब लोग निकलते हैं तो ऐसा महसूस कर रहे होते हैं



मानो वे आग की बस्ती में चल रहें हैं और आसमान से पानी की जगह आग बरस रहें हैं। जहां चारों तरफ मानव से लेकर पशु, पक्षी व अन्य जीव जंतु, इस भीषण गर्मी और धूप से त्राहिमाम कर रहें हैं। वही जिले के कई सडको में तो सुबह 11 बजे से लेकर शाम के 4 बजे तक सन्नाटा छाया हुआ रहता है। उधर किसी तरह रात्रि के 12 घंटा तो कट जाता है परन्तु जैसे ही सुबह होता है लोगों के मन में फिर से वही चिंता होती है कि दिन के चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी भरी 12 घंटा कैसे कटेगा।

**कडकडाती धूप व लू का चलना जनजीवन पर प्रभावित**

गर्मी और गर्म हवाएं शरीर में अक्सर ऐसा असर डालती हैं, जिस वजह से जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका प्रभाव सर्वाधिक होता है। वही चापाकल, कुआँ, नाला आदि सब तेजी से सूख रहे हैं। उधर लोगों को पानी की किल्लत हो रही है यहाँ तक की किसानों के खेत में लगी फसल भी सूख कर मर रहे हैं।

**अत्याधिक धूप और गर्मी बढ़ने का कारण**

जितनी तेज़ी से जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसके लिए मानव क्रियाएं सर्वोपरि दोषी हैं। वही घरेलू कामों, कारखानों और परिचालन के लिए मानव तेल, गैस और कोयले का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जब ये जीवाश्म ईंधन जलते हैं तो उनसे ग्रीनहाउस गैस निकलती हैं जिसमें सबसे अधिक मात्रा कार्बन डाइऑक्साइड की होती है। इन गैसों की सघन मौजूदगी के कारण सूर्य का ताप धरती से बाहर नहीं जा पाता है और ऐसे में ये धरती का तापमान बढ़ने का कारण बनती हैं।

## रक्तदान महाअभियान शिविर का हुआ आयोजन, उपायुक्त, एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने किया रक्तदान



**साहिबगंज:** उपायुक्त हेमंत सती के निर्देशानुसार जिले में रक्त की कमी को पूर्ण करने के लिए सभी प्रखंडों एवं सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया। वही अपने संबोधन में उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महा अभियान पूरे जिला में प्रत्येक माह की 1 तारीख को चलाया जाएगा। वही रक्त एक ऐसी चीज है जिसे बनाया और खरीदा नहीं जा सकता इसलिए हम सभी लोगों को रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद करने में अहम भूमिका निभानी होगी। उधर उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों, विशेष कर युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए और इस नेक काम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक की मदद करके जिला के लोगों को स्वस्थ रखना समय की जरूरत है। वही रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा है क्योंकि इससे लाखों लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। वही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि इससे लाखों लोगों की जान बचती है। हर नौजवान को यह महसूस करना चाहिए कि उन्हें भी प्रत्येक तीन महीने के बाद रक्त दान करते रहना चाहिए। वही उन्होंने कहा कि अपने साथियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी कहा ताकि रुटीन और आपातकालीन जरुरत के समय कभी ब्लड की कमी न पड़े। इस रक्तदान महाअभियान के क्रम में पदाधिकारी भी बढ़चढ़ हिस्सा लेकर जिलावासियों से यह अपील करें कि हर माह के एक तारीख को अपना ब्लड डोनेट करें। उधर रक्तदान महाअभियान के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, यूआईडी पदाधिकारी संदीप कुमार एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मी और आमजन इस शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। वही रक्तदान महाअभियान में जिला स्तर पर कुल 58 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त व एसपी ने दिए कई तरह के दिशा निर्देश

**साहिबगंज:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक के दौरान अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना वैध कागजात के परिवहन करते वाहनों को पकड़ा जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से करवाई की जाने



वाली अपेक्षित है जिसमें सभी सदस्यों, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। वही जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी से पृच्छा की गई की जिला अंतर्गत कुल कितने खनिज एवं विकसित खनिज के खनन पट्टे अवस्थित हैं। जहां उनके द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत लघु खनिज के कुल 114 खनन पट्टे अवस्थित हैं जिसमें 69 खनन पट्टे संचालित हैं। उधर जिला में बालू, ईट, मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के संबंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा गया कि संबंधित चेकनाकों पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें व उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज समर्पित करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## बूथ कमिटी के साथ राजमहल विधायक ने की बैठक



**साहिबगंज:** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 69 के बूथ अध्यक्ष विनय शर्मा के अध्यक्षता में राजमहल लोकसभा के चुनाव कार्यालय में बूथ कमिटी की बैठक हुई। जिसमें राजमहल विधायक अनंत ओझा कुमार ओझा शामिल हुए। वही आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ कमिटी की बैठक की गई। इस दौरान राजमहल विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा किया। इस मौके पर राजमहल विधायक ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के मूल मंत्र के साथ सभी काम करें। वही 1 जून को राजमहल लोकसभा के मतदान में भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने के लिए अभी से ही लोगो के बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं को बताएं। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है ये अभी बातें को लोगो के बीच लेकर जाएं। इस अवसर पर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामानंद साह, नगर अध्यक्ष पंकज चौधरी, चन्द्रभान शर्मा, अनिमेष सिन्हा, बजरंगी गोप, अनिल कुमार, जीभा पासवान, राखी शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त व एसपी ने दिए कई तरह के दिशा निर्देश

साहिबगंज: समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक के दौरान अवैध उत्खनन के रोकथाम हेतु जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना वैध कागजात के परिवहन करते वाहनों को पकड़ा जा रहा है। आगे उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से करवाई की जाने वाली अपेक्षित है जिसमें सभी सदस्यों, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। वही जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी से पृच्छा की गई की जिला अंतर्गत कुल कितने खनिज एवं विकसित खनिज के खनन पट्टे अवस्थित हैं। जहां उनके द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत लघु खनिज के कुल 114 खनन पट्टे अवस्थित हैं जिसमें 69 खनन पट्टे संचालित हैं। उधर जिला में बालू, ईट, मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों, सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के संबंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वही उपायुक्त ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा गया कि संबंधित चेकनाकों पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें व उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज समर्पित करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



# लोस चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण



**बरहरवा:** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिलेभर में प्रशासनिक विधि व्यवस्था व सुरक्षा हेतु विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में गुरुवार को बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मधुवापाडा, अगलोई सहित विभिन्न बूथों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में आचार संहिता लागू है जहां लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके इसको लेकर विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व कानूनी व्यवस्था संतुलित बनाए रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च व बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, एएसआई जीडी सुरजो लाल चकमा, एएसआई सुदामा सिंह सहित दर्जनों एसएसबी के जवान शामिल थे।

## सदर अस्पताल के पूर्व स्थापना बड़ा बाबू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, पसरा शोक



**साहिबगंज:** सदर अस्पताल में पूर्व में तैनात स्थापना बड़ा बाबू सह वर्तमान समय में बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बड़ा बाबू रामचंद्र कुमार का बीती रात बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत एकचारी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार मृतक रामचंद्र कुमार अपनी पत्नी व बच्चों के साथ किसी रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए ऑटो से जा रहे थे। जहां एकचारी में ऑटो को हाईवा ने टक्कर मार दिया। उधर इस सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य कर्मी रामचंद्र कुमार की मौत हो गई। वही इस सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को भी गंभीर चोटे आई है जबकि उसके बच्चें को भी चोट लगी है। उधर मृतक शिवनारायणपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। उधर सड़क दुर्घटना में सदर अस्पताल के पूर्व स्थापना बड़ा बाबू जैसे ही सदर अस्पताल कर्मियों को मिली सबके बीच शोक की लहर दौड़ गई।

## राजमहल सांसद विजय हांसदा ने किया बोरियो का तूफानी दौरा, जगह जगह लोगों ने किया भव्य स्वागत

### सांसद ने कहा, जनता की समस्या का होगा समाधान

**बोरियो:** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद व झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा ने बुधवार को बोरियो प्रखंड का तूफानी दौरा किया। इस दौरान सांसद ने मरचो, महिसोल, मंझहोना, सबैया सहित दर्जनों अन्य गाँव का दौरा किया। साथ ही क्षेत्र की जनता से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इसके पूर्व जगह जगह सांसद का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान सांसद ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान जरूर होगा। इस मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष संजीव सामू हेंब्रम, स्टीफन मुर्मू, प्रखण्ड अध्यक्ष जेठा मरांडी, सचिव गफ्फार अंसारी, रिजवान अंसारी, मंडल मरांडी, जिला सोशल मीडिया सदस्य मो. एजाज अंसारी, शकील अहमद, युवा नेता मिट्टू कुमार दत्ता समेत अन्य मौजूद थे।



## एनटीपीसी के फ्लाई एस छाई उड़ने के कारण बरहरवा फरक्का मुख्य पथ 80 पर चलना हुआ मुश्किल

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**बरहरवा:** थाना क्षेत्र के बरहरवा फरक्का मुख्य पथ 80 पर बरारी गांव से लेकर रामनगर गांव तक चार जगह पर अवैध तरीके से फरक्का एनटीपीसी का फ्लाई एस छाई बेचा जा रहा है। इस खेल में स्थानीय छुटभैया नेता से लेकर बरारी, लालमाटी तथा गांव के कुछ बयाबसायी भी सम्मिलित है। यहां बता दें की चारों जगह पर डंप कर फरक्का एनटीपीसी से लाकर रखें गए फ्लाई एश छाई को ट्रकों के द्वारा खुलेआम ओवरलोड कर बरहरवा राजमहल रोड पर एनएच 80 का काम में गिराया जाता है। जहां इन चारों जगह से प्रत्येक दिन लगभग 15 से 20 ट्रक फ्लाई एश को बिना ढकें रोड से होकर ले जाए जाने से बरहरवा फरक्का एवं राजमहल रोड पर राहगीरों का आवाजाही दुश्वार हो गया है। उधर प्रशासन द्वारा कई बार फ्लाई एश ढोने वाले वाहनों को ओवरलोड ना ढोने तथा उसे ढंककर नहीं ले जाने पर वाहन मालिकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने के बावजूद भी यह धंधा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। वही रोड पर निरंतर उड़ रहे धूलकण से परेशान फुटानी मोड़ बरारी, लालमाटी, रामनगर एवं बरहरवा तथा उधवा के लोगों ने कई बार सड़क जामकर इसका विरोध भी कर चुके है इसके बावजूद भी यह धंधा निरंतर चल रहा है। वही रोड पर ध्वनि प्रदूषण के चलते रोड के किनारे बसे गांव के लोग एवं राहगीरों का आवाजाही दुश्वार हो गया है। वही कई बार ऐसी स्थिति पैदा हो जाती है की राहगीरों को कुछ दिखाई नहीं देने के चलते सड़क दुर्घटना भी घटित हो चुकी है इसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन फ्लाई एश के कारोबार को रोकने में विफल साबित हो रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी बरहरवा सनी कुमार दास एवं थाना प्रभारी बरहरवा सुमित कुमार सिंह ने बताया कि फ्लाई एश ढोने वाले वाहन मालिकों को ओवरलोड लेकर नहीं चलने तिरपाल से ढंककर गाड़ियों का परिचालन करने का निर्देश दिया गया है यदि कोई ट्रक मालिक सरकारी आदेश अवहेलना करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली पोल से दबकर सात साल की बच्ची की हुई दर्दनाक मौत

**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के पोखरिया संथाली गांव में बिजली पोल से दबकर एक सात साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार पोखरिया संथाली गांव में किसी काम को लेकर एक हाईवा आया हुआ था जहां हाईवा ने बिजली पोल में टक्कर मार दिया जिसके कारण बिजली पोल गिर गया। उधर बिजली पोल के गिरने से उसमें दबकर बबलू टुडु की सात साल की बच्ची होपोनमय टुडु की दर्दनाक मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बोरियो पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर आई। जहां सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रकिया पूरी करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। उधर पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। फिलहाल इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

# मजदूर दिवस पर भी मजदूर हुए लावारिस अधूरी रह गई मिलने की ख्वाहिश

## न श्रम निरीक्षक मिले न ही लेबर कमिश्नर, एसडीएम को ज्ञापन देकर लौटना पड़ा

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

बडौत।आज मजदूर दिवस पर भी बड़ौत के श्रमिकों की किसी ने सुध नहीं ली 1 घंटों इंतजार के बाद अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर कार्यवाही की अपेक्षा की।

बड़ौत श्रमिक संगठन के पदाधिकारी आज लेबर इंस्पेक्टर बड़ौत और लेबर कमिश्नर के आशीर्वाद के लिए इंतजार करते रहे तथा अपने लिए एकमात्र साप्ताहिक छुट्टी दिलाने की मंशा लिए ज्ञापन भी तैयार कर लाए थे। मगर,



उनकी यह ख्वाहिश अधूरी ही रही, क्योंकि घंटों प्रतीक्षा के बाद भी मुलाकात नहीं हो सकी।इसके बाद श्रमिक संगठन के अध्यक्ष प्रवीण वर्मा संगठन के पदाधिकारियों को लेकर तहसील बड़ौत पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम का आशीर्वाद लिया तथा मजदूरों की साप्ताहिक छुट्टी के लिए एक ज्ञापन दिया l वहीं एसडीएम ने बुधवार की निर्धारित साप्ताहिक छुट्टी के लिए आश्वासन दिया।

प्रवीण वर्मा अध्यक्ष , कानूनी सलाहकार मा जितेंद्र तोमर,रोहित कुमार, सोहन, फरीद आदि ने श्रमिकों का दर्द बयां करते हुए बताया कि, सरकार द्वारा निर्धारित साप्ताहिक अवकाश, उनकी पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के मद्देनजर बहुत जरूरी है, जिसमें वे बच्चों के स्कूल, हारी - बीमारी आदि के लिए निश्चिंत होकर समय दे सकते हैं, किंतु विभागीय उदासीनता के चलते उस दिन यदि भूलवश अवकाश रख लिया तो वेतन भी काट लिया जाता है।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी, रालोद की रहेगी प्रभावी भूमिका: संयोग रावत

संवाददाता आशीष चंद्रमौलि

छपरौली। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आयोजित बैठक में रालोद के एससी एसटी प्रकोष्ठ के हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष संयोग रावत ने कहा कि, संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हालात बदलने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

रालोद नेता ने कहा कि, मजदूरों के लिए बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने एक दिन में 14 घंटे काम करने की जगह 8 घंटे काम करने का कानून बनाया था, जिसे बहुत सी जगह या कहें असंगठित क्षेत्रों में नजरअंदाज किया जाता रहा है, इसके लिए शासन,प्रशासन और विभाग को



ध्यान देना होगा। कहा कि, बड़े-बड़े बांध, संस्थान, कल-कारखाने और अंतरिक्ष तक उड़ानें भी श्रमिक बहनों एवं भाइयों के परिश्रम से ही देश में संभव हो पाई हैं, ऐसे में उनका विशेष ध्यान तथा उनके कल्याण के लिए ऐसी योजनाएं बनें, जिससे मजदूर का बेटा मजबूर होकर मजदूर बनने तक ही सीमित न रहे।साथ ही कहा कि,श्रम के प्रति सम्मान और उनके अधिकारों को मजबूती देने के लिए आज का दिन संकल्प का दिवस है। इस मौके पर रालोद नेता राहुल रावत , देवेंद्र खोबे , कृष्णा , अशोक नेता, राजपाल सिंह, महकार, बलजोर सिंह आदि ने भी श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा के लिए स्कूलों में आरक्षण की सुविधा भी मुहैया कराने का सुझाव दिया।

# हीटवेव से बचाव, रोगियों के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय की तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**••10 बिस्तर की सुविधा से संपन्न बना कोल्ड रुम, सीएचसी में 4 बैड वाले कोल्ड रुम हुए तैयार | ••मरीज के लिए बनने वाले भोजन की गुणवत्ता को जिलाधिकारी ने किया टेस्ट**

**ब्यूरो डा योगेश कौशिक**

**बागपत।** हीटवेव यानि लूओं के चलने से पूर्व कल हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज जिला अस्पताल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। कहा कि, मई व जून माह में संभावित हीट वेव से बचाव के लिए जिला अस्पताल में की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित



अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।

उन्होंने हीटवेव से बचाव हेतु रोगियों के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत में की गई तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया ,निरीक्षण के दोरान ओआरएस काउंटर, कोल्ड रुम, हीट स्ट्रोक वार्ड, इमरजेन्सी मेडिसन, आईसपैक एवं स्प्रे बोतल इत्यादि की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को जांचा ,जो सामान्य ही नहीं बल्कि अतिउतम पाई गई।

जिलाधिकारी ने एनआरसी, जनरल वार्ड इमरजेन्सी वार्ड, आईसीयू वार्ड का भी निरीक्षण किया जिसमें समुचित व्यवस्था मिली, साथ ही कहा कि, मरीज के प्रति किसी भी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।हीट वेव स्ट्रोक के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रहें। इसके लिए जिला अस्पताल में 10 बिस्तर वाला एक कोल्ड रूम भी स्थापित किया गया है और प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी 4 -4 चार बेड वाले कोल्ड रूम स्थापित किए गये हैं।

निरीक्षण के दौरान हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु रोगियों एवं उनके साथ आये तीमरादारो की काउंसलिंग करने के लिए शासन द्वारा जारी ओडियो ऐड का प्रसारण चलता हुआ पाया गया। वहीं संयुक्त जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बनने वाले भोजन की भी जिलाधिकारी ने गुणवत्ता चेक की तथा गुणवत्ता को अच्छा बताया ।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर कुमार ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसके चौधरी आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

## शैक्षिक स्तर उन्नयन के लिए शिक्षकों की प्रशंसनीय पहल,बच्चों के लिए बनवाए आईडी कार्ड



**संवाददाता मनोज कलीना**

बिनौली। प्राथमिक विद्यालय नं 1 में गुरुवार को हुए कार्यक्रम में अधिकारियों ने अध्ययनरत बच्चों को कॉन्वेंट व पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर आईडी कार्ड वितरित किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ ज्योति बाला ने कहा कि ,अध्यापकों के प्रयास से विद्यालय परिसर में सकारात्मक माहौल है। बेहतर शिक्षण से इस विद्यालय की अलग पहचान बनी है। बच्चों को आईडी कार्ड वितरण निजी स्कूलों की तर्ज पर किया गया प्रयास सराहनीय है।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बीईओ राशिद अनवर सिद्दीकी ने कहा कि, अध्यापकों के आर्थिक सहयोग से बच्चों को परिचय पत्र मुहैय्या कराना प्रशंसनीय कार्य है। उन्होंने बच्चों को दिनचर्या ठीक रखने के टिप्स भी दिए। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यालय में पंजीकृत 242 बच्चों को आईडी कार्ड वितरित किए। रेनू पंवार के संचालन में हुए कार्यक्रम में विनय कुमार, अशोक कौशिक, मीनू ढाका, रचना, ममता, दिव्या चौधरी आदि मौजूद रहे।

## शुभ अवसरों पर वृक्षारोपण करें, यादगार भी रहेगी और होगी पर्यावरण की रक्षा भी :अभिमन्यु गुप्ता

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज अग्रवाल मंडी टटीरी में वृक्षारोपण करते हुए प्रसिद्ध समाजसेवी व दृष्टिदूत के नाम से प्रसिद्धअभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि, सभी को शुभ अवसरों पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण की रक्षा में सहयोग करना चाहिए, इससे यादगार भी स्थायी बनेगी।



अपनी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष गुप्ता के साथ अपनी शादी की 49 वीं वर्षगांठ एवं अपने सुपुत्र अश्वनी जिंदल पुत्रवधू सोनम जिंदल की 23 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कॉलेज प्रांगण में प्राचार्या डॉ कमला अग्रवाल, रीजन चेयरमैन ला दीपक गोयल सचिव लायन पंकज गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तेजपाल प्रधान, नीमा के संरक्षक डॉ रामलाल डॉ शमा परवीन, डॉ निर्मला, ममता आर्य, ममता मानव, प्रवीण कुमार,संजय सैनी नितिन वशिष्ठ रामकिशोर प्रेमवती अनिल आदि ने वृक्षारोपण में सहयोग किया।

इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को मिष्ठान्न भी वितरित किया गया । सभी ने गुप्ता दंपति को दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाओं के साथ ही समाजसेवा में नये कीर्तिमान गढने की इच्छा व्यक्त की।

# शाब्बाश :वाजिदपुर के धीरज की हत्या का 24 घंटे के भीतर खुलासा, 3 अभियुक्त गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद

**ब्यूरो डा योगेश कौशिक**

**बागपत।** धीरज की हत्या में शामिल तीन अभियुक्तों को थाना बडौत पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार, जबकि शेष 2 अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश जारी।

बता दें कि, 2022 में वाजिदपुर के सन्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद धीरज को मार्च 2024 में ही जमानत मिली थी, जिसकी गत दिवस गोलियों की बौछार करते हुए हत्या कर दी गई थी। मृतक धीरज के भाई दीपांशु पुत्र तेजपाल ने हत्या के आरोप में नामजद तहरीर दी थी।पुलिस कप्तान अर्पित विजयवर्गीय के दिशा निर्देशन में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना पुलिस ने घटना में शामिल



3 अभियुक्तों को तो 24 घंटे के भीतर पकडने में सफलता हासिल कर ली है, जबकि शेष 2 अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस कप्तान ने आज पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि, निखिल के कहने पर शोएब अपनी बाइक पर धीरज को स्कूल के पास लाया था, जहां पहले से मौजूद निखिल, देवा, सौरभ व सागर ने तमंचों से गोलियां बरसा दी थी, जिससे घटना स्थल पर ही धीरज की मौत हो गई थी।

रिपोर्ट के आधार पर हत्या एवं एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित निखिल उर्फ कल्लू पुत्र संजीव, देवा उर्फ देवेश पुत्र परविंदर तथा शोएब पुत्र दिलशाद, निवासी वाजिदपुर को गिरफ्तार किया गया है ,जिनके कब्जे से आलाकत्ल 3 अवैध तमंचे .315 बोर मय 6 जिन्दा व 7 खोखा कारतूस .315 बोर व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर यूपी-17 एन-3110 व 2 मोबाईल फोन भी बरामद किए गए हैं।

कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित 11 सदस्यीय टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह चौहान, उपनिरीक्षक अमित कुमार चौहान, दीपक कुमार आदि ने बड़ी सूझबूझ और सक्रियता के चलते 24 घंटे के भीतर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने व आलाकत्ल भी बरामद करने में सफलता हासिल की।

# नीमा का अध्यक्ष बनने पर डॉ उमाकांत भारद्वाज का किया स्वागत

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** नीमा संगठन शाखा बागपत टटीरी, सराय व बालेनी की एक संयुक्त बैठक में चिकित्सको ने विचार-विमर्श कर संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी में डॉ उमाकांत भारद्वाज को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। उनके नीमा संगठन के अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर नीरज नैन, अजय शर्मा, डॉ प्रशांत शर्मा, रवि ठाकुर, देवेंद्र चौहान आदि ने पगड़ी और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ उमाकांत भारद्वाज ने कहा कि ,संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह भली भांति निर्वहन करेंगे और सभी को एक साथ लेकर चला जाएगा तथा कहा कि,चिकित्सकों का शोषण व उत्पीडन किसी भी दशा में नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान समाज के अन्य लोगों ने भी डॉ उमाकांत भारद्वाज के नीमा संगठन का अध्यक्ष बनने पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें बधाई दी है।

# गुरुकुल में बच्चों ने आग से बचाव के उपाय सीखे ,अग्निशमन दल ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।गुरुकुल** विद्यापीठ में गुरुवार को अग्निशमन दल ने बच्चों को सुरक्षा के उपाय बताए। साथ ही प्राकृतिक आपदा से बचने के तरीकों को भी सिखाया ।

अग्निशमन दल ने गुरुवार को गुरुकुल विद्यापीठ में आयोजित कार्यक्रम में आपदा से निबटने के अनेक उपाय बताए। रसोईघर में रखे गैस सिलेंडर के आग पकड लेने पर बचाव की जानकारी दी। मौके पर उसका प्रदर्शन भी किया। आग लगने पर बिना घबराए प्रबंधन के तौर तरीके बताए, आग बुझाने के कई उपायों की जानकारी दी।



इसके अलावा भूकम्प, बाढ आदि की स्थिति से निबटने के तरीके भी सिखाए। प्रबंधक मुकेश गुप्ता ने अग्निशमन दल का आभार जताया। प्रधानाचार्या प्रभा सिंघल सहित उपप्रधानाचार्या राखी झा समेत स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

# संचारी रोगों पर काबू पाने की तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग, 7 मई तक है विशेष पखवाडा

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।स्वास्थ्य** विभाग की टीमें संचारी रोग अभियान के तहत घर घर दस्तक देकर जागरूक करने में जुटी हैं। इस दौरान घरों के मुख्य द्वार पर आशा, आंगनबाडी की टीम बचाव के संदेश लगाकर ,लोगों को रोगों से बचाव के उपाय भी बता रही हैं।

बता दें कि, गर्मी के मौसम में संचारी रोगों का प्रकोप बढ जाता है। ऐसे में घर, गली, मौहल्लों में



सफाई, उचित खानपान आदि उपायों से स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। सीएचसी अधीक्षक डा मसूद अनवर ने बताया कि, संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान सात मई तक है। इसमें आशा, आंगनबाडी, एएनएम मिलकर संचारी रोगों से ग्रसित मरीजों को घर-घर दस्तक देकर, उन्हें चिन्हित करने के साथ-साथ इसके बचाव के प्रति जागरूक करने में जुटी हैं।

# शाकाहार ही है स्वस्थ व सुखी जीवन का आधार : सौरभ सागर

## पुरा महादेव में श्रद्धालुओं की शंकाओं का किया समाधान

**संवाददाता मनोज कलीना**

बिनौली।क्षेत्र के चिरचिटा में हुई धर्मसभा में जैन संत आचार्य सौरभ सागरिका ने गुरुवार को धर्मसभा में कहा कि ,सादगी और शिष्टाचार से मनुष्य जीवन श्रेष्ठ बनता है।



सच्चा सुख क्या है, इस विषय पर संत सौरभ सागर ने कहा,आत्मा का हित सुख की प्रप्ति करना है और सुख वही हैं, जहां किसी प्रकार की आकुलता, व्याकुलता, टेंशन, चिंता न हो। जहां ये सब होते हैं, वहां दुख ही दुख होता है।कहा कि, आज का मानव संसार की भौतिकता में बह रहा है, पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति की तरफ जा रहा है, लेकिन जब तक हम अपनी प्राचीन संस्कृति को नही अपनाएंगे, तब तक सुख नहीं मिल सकता। धार्मिक आचरण से ही सच्चे सुख की प्राप्ति हो सकती है।

उन्होंने बताया कि,सादगी और शिष्टाचार से मनुष्य जीवन श्रेष्ठ बनता है, जबकि आज हमारा खानपान गलत हो गया है ,जिससे आचार विचार भी विकृत हो रहे हैं। यदि हमें स्वस्थ व सुखी रहना है ,तो शाकाहार को अपनाना होगा। इसके उपरांत जैन संत पदविहार कर पुरा महादेव गांव के परशुराम धाम पहुंचे। वहां उन्होंने प्रवचन दिए तथा श्रद्धालुओं की शंकाओं का भी समाधान किया।

इस अवसर पर रविंद्र जैन, अरुण जैन, अनुज जैन, सचिन जैन, संयम जैन, सतेंद्र गोयल, उमेश शर्मा, योगेश शर्मा, नीरज जैन, रूबी जैन, रूचि जैन, छवि जैन, अनुभव जैन आदि मौजूद रहे।

# आगामी चरणों के चुनाव संपन्न कराने के लिए जनपदीय पुलिस बल के सैकड़ों जवान व एसआई व निरीक्षक रवाना

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।**लोकसभा के आगामी चरणों के चुनाव संपन्न कराने के लिए जनपद से सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मियों को किया गया रवाना। 7 पार्टियों में विभाजित जनपदीय पुलिस टीम के साथ 1 निरीक्षक व 22 उप निरीक्षकों को भी रवाना किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बागपत में लोक सभा चुनाव की ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से



सकुशल सम्पन्न कराने हेतु ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आगामी फेस के चुनाव संपन्न कराने के लिए जनपद से 1 निरीक्षक, 22 उपनिरीक्षक व 308 मुख्यआरक्षी व आरक्षी पुलिस बल को 7 पार्टियों में विभाजित कर भेजा गया।

इस दौरान रवानगी से पूर्व एसपी द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी तथा बसों में बैठाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारीगण मौजूद रहे।

# धडल्ले से चल रहा मिट्टी का अवैध खनन, जिलाधिकारी से की गई शिकायत

**संवाददाता शशि धामा**

**खेकडा।**क्षेत्र में अवैध रूप से मिट्टी का खनन धडल्ले से चल रहा है। खनन माफिया सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। खेकडा के जंगल में भू माफियाओं का बोलबाला लगातार बढता ही जा रहा है। अवैध तरीके से बिना सरकारी रायल्टी जमा किए, मिट्टी खोदने, निकालने व ढोने का काम हो रहा है। बताया गया है कि, खनन माफिया मुबारिकपुर रोड, काठा रोड, पाठशाला रोड, बडागांव रोड के जंगल में, रात होते ही खेतों में बडी जेसीबी मशीनें, डम्फर, ट्रेक्टर ट्रालियां दौडने लगती हैं। भू माफियाओं ने सैकडों बीघा जमीन को अवैध तरीके से खोदकर उसकी उर्वरा शक्ति को प्रभावित करते हुए बिना किसी कायदे कानून के मनमाफिक गहराई तक खोद दिया है।



बताया गया है कि, इस दौरान देर रात या शाम ढलते ही करीब आधा दर्जन जगहों पर खनन माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से मिट्टी का खनन हो रहा है। पुलिस प्रशासन को इसकी कोई जानकारी नहीं है, जबकि रोजाना मिट्टी से भरे डंपर और जेसीबी इन्हीं सडकों से गुजरती हैं। समाजसेवी गजेन्द्र, अनुज, रविन्द्र, सुभाष आदि ने जिलाधिकारी से अवैध खनन को रुकवाने की मांग की है।